Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to include DURUA community of Odisha in the Schedule Tribes list.

श्री रमेश चन्द्र माझी (नबरंगपुर): चेयरमैन साहब, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद । ओडिशा के कोरापुट जिले में कुंद्रा, बोइपरिगुडा, कोटपाड़ इलाके में धुरवा समाज के लोग रहते हैं । बहुत दिन हो गए हैं, उनको आदिवासी की जो मान्यता मिलनी चाहिए, वह अभी तक नहीं मिली है । ओडिशा गवर्नमेंट, ट्राइब्स एडवाइजरी काउंसिल भी एप्रूव कर चुकी है, ओडिशा गवर्नमेंट भी रिकमंड कर चुकी है । मेरी ट्राइबल अफेयर्स मंत्रालय से दरख्वास्त है कि DURUA कम्युनिटी को जल्द से जल्द एसटी कैटेगरी में शामिल किया जाए । धन्यवाद ।